# आकाशवाणी शिमला
## 11.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

**जीएसटी सुधार**

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की। उनका यह सपना तब साकार हुआ जब 3 सितंबर को जीएसटी परिषद ने दरों को युक्तिसंगत बनाने, कई क्षेत्रों में कर दरों को कम करने और नागरिकों के जीवन को आसान बनाने को मंजूरी दी। केन्द्र सरकार ने स्टेशनरी वस्तुओं पर जीएसटी दरों में छूट देकर शिक्षा क्षेत्र को बड़ी राहत दी है। नए सुधारों के तहत, पेंसिल, शार्पनर, क्रेयॉन, अभ्यास पुस्तिकाएँ, ग्राफ बुक, मानचित्र और चार्ट जैसी स्टेशनरी वस्तुओं को पहले के 12 प्रतिशत जीएसटी से छूट दी गई है, जबकि रबड़ पर जीएसटी 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। इन सुधारों ने कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों को कम करके नागरिकों का जीवन आसान बना दिया है। जीएसटी सुधार आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुए किए गए हैं और ये 22 सितंबर से लागू होंगे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने तीन दिवसीय दिल्ली दौरे के दौरान विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया से मिलेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठा कर वित्तीय मदद का आग्रह करेंगे। अधिक जानकारी के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता

**जगत सिंह नेगी**

जनजातीय जिला किन्नौर के निगुलसरी में अवरुद्ध राष्ट्रीय उच्च मार्ग–05 को खोलने का कार्य कल बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्वाइंट के दोनों ओर से लगभग 500 वाहनों को सुरक्षित निकाल कर यातायात बहाल किया गया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान और बागवान हितैषी सरकार है और बागवानों की नकदी फसल को समय पर मंडियों तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ऐसे समय में जनता से संयम बनाए रखने की अपील की और आश्वासन दिया कि जल्द ही मार्ग पूर्ण रूप से बहाल कर दिया जाएगा।

**मौसम**

प्रदेश में एक बार फिर से मानसून सक्रिय हो गया है। 12 सितंबर तक प्रदेश के कुछ एक जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होगी जबकि 13 सितम्बर से पांच जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अब तक प्रदेश में भारी वर्षा के कारण हुए भू–स्खलन से चार राष्ट्रीय उच्च मार्गों के अलावा 5 सौ 82 अन्य सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध हैं। इसी प्रकार 5 सौ 71 बिजली ट्रांसफार्मर और 3 सौ 78 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं। राज्य में वर्षा से जुड़ी घटनाओं में इस मॉनसून सीजन में 3 सौ 80 लोगों की मौत हुई है जबकि 40 लोग लापता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि 13 से 15 सितम्बर तक पांच जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जबकि अन्य जिलों में हल्की बारिश और गर्जना होगी।

**आदेश**

सिरमौर की उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की अध्यक्ष प्रियंका वर्मा ने जिला में आपदा न्यूनीकरण, आपदा प्रभावित बुनियादी ढ़ांचे की बहाली और पेयजल, बिजली आपूर्ति तथा आपातकालीन सेवाओं जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक उपयोगिताओं से संबंधित कार्यों को छोड़कर किसी भी प्रकार के निजी विकास और निर्माण गतिविधियों के लिए पहाड़ियों के कटान पर 30 सितंबर, तक पूरे जिला में प्रतिबंध के आदेश जारी किए हैं। आदेशों में बताया गया है कि हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण

सिरमौर जिला के विभिन्न भागों में भूस्खलन और भूमि कटाव जैसी व्यापक आपदाएं आई हैं, जिसके परिणामस्वरूप सार्वजनिक और निजी बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है।

**सुर्खियां समाचार पत्रों से.....**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **जॉब ट्रेनी बनेंगे 1 हजार 4 सौ 27 एस एम सी शिक्षक, बोर्ड लेगा परीक्षा। दैनिक जागरण** ने लिखा है **एस एम सी शिक्षक विभाग में होंगे मर्ज, अब बतौर जॉब ट्रेनी होगी तैनाती।**

हाईकोर्ट से जुड़ी खबर को **पंजाब केसरी** ने शीर्षक दिया है **सरकारी व वन भूमि को कब्जामुक्त करने के आदेशों की अनुपालना का शपथ पत्र दायर करे सरकार।**